संख्या-155/2020/3005/22-2-2019-17(86)/2008

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/ महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ दिनांक 08 मई, 2020***

विषय:-केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी डोरे पुत्र श्री नारायन, निवासी जनपद-लखीमपुर खीरी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-35064/प्रोबेशन-3/फार्म-ए(एम-19-09-2019) दिनांक-03-12-2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी डोरे पुत्र श्री नारायन, निवासी भगवन्तनगर, थाना-मितौली, जनपद-लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। जमीनी विवाद में बन्दी ने दिनांक 23.06.1990 को 23 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर भूमेश्व, कमलेश, संदीप, सुरेन्द्र एवं शिवदर्शन सहित 05 लोगों की लाठी, भाला एवं कांता से मारकर हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-29/1991 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 449, 201, 436, 148 के अन्तर्गत मा0 प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, खीरी के आदेश दिनांक 19.09.1995 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 17.08.2019 तक 24 वर्ष 05 माह 20 दिन की अपरिहार सजा तथा 32 वर्ष 04 माह 19 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है, किन्तु प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि बन्दी ने जमीनी विवाद में दिनांक 23.06.1090 को 23 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर 05 लोगों की लाठी, भाला एवं कांता से मारकर हत्या करने का जघन्यतम अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी द्वारा किया गया अपराध व्यक्ति विशेष तक सीमित अपराध की श्रेणी में न होने का उल्लेख जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी डोरे पुत्र श्री नारायन को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी डोरे (बन्दी संख्या-32642) पुत्र श्री नारायन, निवासी जनपद-लखीमपुर खीरी के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तद्नुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
विशेष सचिव।

संख्या-155/2020/3005(1)/22-2-2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, जनपद लखीमपुर खीरी।
2- अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

करूणेश कुमार सिंह
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्ंया-155/2020/3005/22-2-2019-17(86)/2008

दिनांक 08 मई, 2020 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी डोरे (बन्दी संख्या-**32642**) पुत्र श्री नारायन, निवासी भगवन्तनगर, थाना-मितौली, जनपद-लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। जमीनी विवाद में बन्दी ने दिनांक 23.06.1990 को 23 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर भूमेश्व, कमलेश, संदीप, सुरेन्द्र एवं शिवदर्शन सहित 05 लोगों की लाठी, भाला एवं कांता से मारकर हत्या कर दी। **उक्त अपराध हेतु** बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-29/1991 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 449, 201, 436, 148 के अन्तर्गत मा0 प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, खीरी के आदेश दिनांक 19.09.1995 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 17.08.2019 तक 24 वर्ष 05 माह 20 दिन की अपरिहार सजा तथा 32 वर्ष 04 माह 19 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं **जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की** समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है, किन्तु **प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि** बन्दी ने जमीनी विवाद में दिनांक 23.06.1090 को 23 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर 05 लोगों की लाठी, भाला एवं कांता से मारकर हत्या करने का जघन्यतम अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी द्वारा किया गया अपराध व्यक्ति विशेष तक सीमित अपराध की श्रेणी में न होने का उल्लेख जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी डोरे पुत्र श्री नारायन को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति नहीं की** गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई **अस्वीकार** कर दी गयी है।

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in